**Series: BMEPB/ 1**

**SET - 1**

**Code No.**

**Roll No.** | | | | | | | |

Candidates must write the code on the title page of the answer-book.

**Date: 10 December 2020**

**Time allowed: 3 hours** **Maximum Marks: 80**

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं, क, ख, ग और घ ।
- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।

- **Please check that this question paper contains 5 *printed pages*.**
- **Code number given on the right-hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.**
- **Please check that this question paper contains 16 *questions.***
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- ***15-minute time* has been allotted to read this question paper. During this period, students will read the question paper and will not write any answer on the answer- book**

## खंड - क

**प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 10

मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी सिद्धि अपने अहं के सम्पूर्ण त्याग में है । जहाँ वह शुद्ध समर्पण के उदात्त भाव से प्रेरित होकर अपने 'स्व' का त्याग करने को प्रस्तुत होता है वहीं उसके व्यक्तित्व की महानता परिलक्षित होती है । साहित्यानुरागी जब उच्च साहित्य का रसास्वादन करते समय स्वयं की सत्ता को भुलाकर पात्रों के मनोभावों के साथ एकत्व स्थापित कर लेता है तभी उसे साहित्यानन्द की दुर्लभ मुक्तामणि प्राप्त होती है । भक्त जब अपने आराध्य देव के चरणों में अपने 'आप' को अर्पित कर देता है और पूर्णत: प्रभु की इच्छा में अपनी इच्छा को लय कर देता है तभी उसे प्रभु-भक्ति की अलभ्य पूँजी मिलती है । यह विचित्र विरोधाभास है कि कुछ और प्राप्त करने के लिए स्वयं को भूल जाना ही एक मात्र सरल और सुनिश्चत उपाय है । यह अत्यंत सरल दिखने वाला उपाय अत्यंत कठिन भी है । भौतिक जगत में अपनी क्षुद्रता को समझते हुए भी मानव-हृदय अपने अस्तित्व के झूठे अहंकार में डूबा रहता है उसका त्याग कर पाना उसकी सबसे कठिन परीक्षा है । किन्तु यही उसके व्यक्तित्व की चरम उपलब्धि भी है । दूसरे का निःस्वार्थ प्रेम प्राप्त करने के लिए अपनी इच्छा-आकांक्षाओं और लाभ-हानि को भूलकर उसके प्रति सर्वस्व समर्पण ही एकमात्र माध्यम है । इस प्राप्ति का अनिवर्चनीय सुख वही चख सकता है जिसने स्वयं कों देना-लुटाना जाना हो । इस सर्वस्व समर्पण से उपजी नैतिक और चारित्रिक दृढ़ता, अपूर्व समृद्धि और परमानन्द का सुख वह अनुरागी चित्त ही समझ सकता है जो -

'ज्यों-ज्यों बूढ़े श्याम रंग, त्यों-त्यों उज्ज्वल होय'

**प्रश्न:**

(क) साहित्यानुरागी से क्या तात्पर्य है उसे आनन्द किस प्रकार प्राप्त होता है? 2

(ख) प्रभु-भक्ति की पूँजी कैसी बताई गई है और भक्त उसे कब प्राप्त कर सकता है? 2

(ग) मनुष्य के व्यक्तित्व की चरम उपलब्धि क्या है और क्यों? 2

(घ) सर्वस्व समर्पण का क्या तात्पर्य है और ऐसा करने के क्या लाभ हैं? 2

(ड़) मनुष्य जीवन की महानता किसमें है? 1

(च) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए? 1

## खंड - ख

### (व्यवहारिक व्याकरण)

**प्र. 2.** शब्द पद कब बनता है? उदहारण सहित लिखिए । 1x1=1

**प्र. 3. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए-** 3X1=3

(क) वह फल खरीदने बाजार गया । वहाँ से फल लेकर आ गया । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) चाय तैयार हुई, उसने वह प्यालों में भरी, फिर वह प्याले हमारे सामने रख दिए । (मिश्र वाक्य में)

(ग) वह आदमी बहुत बीमार था, जिसे मैंने आज देखा । (सरल वाक्य में)

**प्र. 4. निम्नलिखत शब्दों को विग्रह करके समास का नाम लिखिए-** 2X1=2

**(क)** कर्मभूमि न्यायालय

**(ख)** **निम्नलिखत शब्दों का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए-** 2X1=2

वीणा है पाणि में जिसके सात सौ दोहों का संमाहार

**प्र. 5.** **निम्नलिखत वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए-** 4X1=4

(क) कुसंगति से बुरे-बुरे कुविचार मन में उठते हैं ।

(ख) शहीदों का देश सदा आभारी रहेगा ।

(ग) शुद्ध गाय का दूध पिया करो ।

(घ) राकेश को काटकर खरबूजा खिलाओ ।

**प्र. 6.** **उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए-** 4X1=4

(क) राकेश की चुप्पी से लगता है कि.........................है ।

(ख) मोहन पर कहने-सुनने का कोई असर नहीं होता वह तो.......................... है ।

(ग) मन लगाकर पढ़ाई करो अन्यथा जीवन भर....................... पड़ेगी ।

(घ) भारत सरकार का नोट बंदी का आदेश......................है ।

## खंड - ग

**प्र. 7.** **निम्नलिखत प्रश्नो में से किन्ही तीन प्रश्नो के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए** 3X2=6

(क) 'बड़े भाई साहब' कहानी के लेखक ने समूची शिक्षा के किन-किन तौर तरीकों पर व्यंग्य किया है?

(ख) वामीरो ने तताँरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया ?

(ग) 'आज जो बात थी निराली थी'- किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) वजीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती है ?

**प्र. 8.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 80-100 शब्दों में दीजिए** 5

"हमें सत्य में जीना चाहिए, सत्य केवल वर्तमान है।" 'पतझड़ में टूटी पत्तियाँ' के इस कथन को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

**अथवा**

'अब कहाँ दूसरों के दु:ख से दु:खी होने वाले' नामक पाठ का प्रतिपादन अपने शब्दों में लिखिए।

**प्र. 9.** **निम्नलिखत प्रश्नो में से किन्ही तीन प्रश्नो के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए** 3X2=6

(क) 'सहस्र दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है ? कवि ने इस शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है?

(ख) ग्रीष्म-ऋतु में सारा संसार तपोवन सा कैसे हो जाता है? बिहारी के दोहों के आधार पर उत्तर दीजिए?

(ग) मीरा भगवान कृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने के लिए तैयार है?

(घ) कबीर के अनुसार निंदक कौन होता है ? उन्होंने उसे अपना सबसे बड़ा शुभचिंतक क्यों माना है ?

**प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 80-100 शब्दों में दीजिए** 5

'मनुष्यता' कविता का प्रतिपादन अपने शब्दों मे लिखिए।

**अथवा**

'कर चले हम फिदा' कविता पाठक के मन को छू जाती है आपके मत में इसके क्या कारण हो सकते हैं?

**प्र.11. (क)** 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक को स्कूल जाने का उत्साह नहीं होता था, क्यों? फिर भी ऐसी कौन-सी बात थी जिस कारण उसे स्कूल जाना अच्छा लगने लगा कारण सहित 60-70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 3

**(ख)** एक ही कक्षा में दो बार बैठने से टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा? मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार 60-70 शब्दों में लिखिए। 3

**प्र. 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए** 6

**(क)** हमारी वन संपदा

- वन प्रकृति की देन
- वातावरण को संतुलित करते है
- वनों की रक्षा
- वर्तमान समय में वनों की स्थिति

**(ख)** हमारा प्रिय मित्र

- सच्चे मित्र की पहचान
- जीवन में उसकी छाप
- मित्रता के उदहारण
- मित्र का महत्त्व

**(ग)** नर हो न निराश करो मन को -

- निराश न होने की प्रेरणा
- हिम्मत और शक्ति आवश्यक
- निराशा से जुझना
- कर्म करके निराशा समाप्त करना

**प्र. 13.** आपसे अपने बचत खाते की चेक बुक खो गई है। इस संबंध में तत्काल उचित कारवाई करने के लिए निवेदन करते हुए बैंक प्रबंधक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहडी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने

की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए ।

**प्र. 14.** आप विद्यालय के छात्र संघ के सचिव हैं। विद्यालय में मोबाइल निषेध है। विद्यालय के छात्रों को इससे संबंधित जानकारी देते हुए 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 'स्वच्छ भारत' विषय पर विज्ञापन आमंत्रित किए जाने हेतु 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

**प्र.15.** खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट के बारे में मित्र के साथ हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए । 5

**अथवा**

'धूम्रपान' स्वास्थय के लिए हानिकारक है विषय पर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए।

**प्र. 16.** समीर नामक पंखे बाजार में आए हैं वे नए डिजाइन वाले सुंदर, सस्ते, गारंटीशुदा और हवादार हैं । 'राना इलैक्ट्रानिक्स', 214 सुभाष रोड, नागपुर की ओर से 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

अपने पुराने मकान को बेचने संबंधी विज्ञापन का आलेख लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।